C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 213 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 24 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर और गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैसला ने किया भीलवाड़ा फोकस लाइव का शुभारंभ

## जनसरोकारों को समर्पित डिजिटल न्यूज़ पॉडकास्ट की शुरूआत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

डिजिटल युग में पत्रकारिता को नई दिशा देने की दिशा में भीलवाड़ा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सत्य, निर्भीकता और जनसरोकारों की पहचान बने भीलवाड़ा फोकस द्वारा 'भीलवाड़ा फोकस लाइव' न्यूज़ पॉडकास्ट का विधिवत शुभारंभ भव्य समारोह के साथ किया गया। इस नई डिजिटल पहल को पत्रकारिता के क्षेत्र में एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

न्यूज़ पॉडकास्ट का शुभारंभ राष्ट्रीय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक धीरज गुर्जर तथा गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैसला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भीलवाड़ा जिले के बिजोलिया स्थित सिविल कोर्ट के सामने किया गया, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



भीलवाड़ा फोकस लाइव प्रोडकास्ट के शुभारंभ पर पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर और गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला





### फीता काटकर हुआ शुभारंभ

शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने फीता काटकर भीलवाड़ा फोकस लाइव न्यूज़ पॉडकास्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान भीलवाड़ा फोकस के प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय एवं प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय को इस नई डिजिटल शुरुआत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

### जनसरोकारों की सशक्त आवाज बनेगा पॉडकास्ट :

मुख्य अतिथि धीरज गुर्जर ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बीच भीलवाड़ा फोकस लाइव पॉडकास्ट का शुभारंभ क्षेत्रीय पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह मंच न केवल समाचारों की प्रस्तुति करेगा, बल्कि स्थानीय समस्याओं, ज्वलंत मुद्दों और आमजन की आवाज़ को मजबूती से सामने लाने का कार्य करेगा।

वहीं विजय बैसला ने भीलवाड़ा फोकस की पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि यह पॉडकास्ट समय की आवश्यकता है। डिजिटल माध्यमों के जरिए भीलवाड़ा फोकस ने पत्रकारिता में नए आयाम स्थापित किए हैं और यह पहल भविष्य में राजस्थान में एक सशक्त पहचान बनाएगी।

### प्रशासन, राजनीति और समाज का रहा व्यापक समर्थन

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़, तहसीलदार ललित डीडवानिया, थाना अधिकारी स्वागत पांडया, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़, निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गोधा, पूर्व जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी , सत्यनारायण गुर्जर , पूर्व पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र सिंह राजौरा, कमलेश कोली, ब्लॉक कांग्रेस संगठन मंत्री शक्ति नारायण शर्मा, कांग्रेस प्रवक्ता कमलेश सेन, भाजपा नेता उमाशंकर वैष्णव, प्रकाश विजय, लक्ष्मण सिंह चोहान, जितेंद्र सिंह चोहान, पंकज विजय, समाजसेवी अनिल नागौरी, यशवंत सिंह पुंगलिया, राम प्रसाद मेड़तिया , सुधीर कोतवाल, ओम मेड़तिया , हेमंत भदौरिया, तहसील विभाग से राजेंद्र सिंह, खनिज विभाग से फोरमेन गिर्राज मीणा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश धाकड़, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश सदस्य शिव चंद्रवाल, नगर पालिका पैनल अधिवक्ता सुनील जोशी, प्रेस ट्रस्ट संरक्षक घनश्याम सोनी, पेशकार गोपेश शर्मा , एपीपी रिपेंद्र चौबे ,अधिवक्ता ओम प्रकाश शर्मा, बंटी तिवारी , गोपाल प्रजापत , पंकज कुमार धाकड़, प्रदीप कुमार शर्मा, दीपक मीणा, गौरव शर्मा, जसवंत सिंह सोलंकी, मनीष धाकड़, हितेश धाबाई, सुनील सोनी, अभय मेवाडा , कपिल धाकड़ , एके सिंह, रामस्वरूप मेवाड़ा, चांदमल पालीवाल, शिव धाकड़, वरिष्ठ संवाददाता, प्रेस ट्रस्ट संरक्षक एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष भंवर धाकड़, प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय, पत्रकार अर्जुन धाकड़, नरेश धाकड़, विकास जैन, रमेश गुर्जर, रवि अहीर, डॉ. अंसार खान, सुधीर कोतवाल, विशाल जैन सहित भीलवाड़ा फोकस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



### संवाद का मजबूत सेतु बनेगा 'भीलवाड़ा फोकस लाइव'

वक्ताओं ने कहा कि यह न्यूज़ पॉडकास्ट केवल खबरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनसे जुड़े सामाजिक, राजनीतिक और जनसरोकारों से जुड़े विषयों पर गंभीर संवाद स्थापित करेगा। डिजिटल माध्यम के जरिए भीलवाड़ा फोकस लाइव समाज, प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु बनेगा।

शुभारंभ समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों ने भीलवाड़ा फोकस लाइव को पत्रकारिता की दिशा में एक नई और सकारात्मक शुरुआत बताते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अन्य वक्ता भी प्रोडकास्ट के शुभारंभ पर बोले

**उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़** ने कहा कि डिजिटल माध्यम आज प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का सबसे सशक्त जरिया बन चुका है। भीलवाड़ा फोकस लाइव जैसे मंच स्थानीय समस्याओं को जिम्मेदारी के साथ सामने लाकर समाधान की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।

**तहसीलदार ललित डीडवानिया ने कहा कि** निष्पक्ष और तथ्यपरक पत्रकारिता ही लोकतंत्र की असली ताकत होती है। भीलवाड़ा फोकस लाइव का यह प्रयास ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक सटीक जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

**थाना अधिकारी स्वागत पांडया ने कहा कि** मीडिया और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से समाज में जागरूकता बढ़ती है। यह न्यूज़ पॉडकास्ट कानून व्यवस्था, सामाजिक चेतना और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का माध्यम बनेगा।

**अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने कहा कि** डिजिटल पत्रकारिता वर्तमान समय की आवश्यकता है। भीलवाड़ा फोकस लाइव आम नागरिकों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा।

**भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने कहा कि** भीलवाड़ा फोकस ने हमेशा जनहित और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी है। यह न्यूज़ पॉडकास्ट युवा वर्ग को सकारात्मक और सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगा।

**प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा संजय धाकड़ ने कहा कि** किसानों, मजदूरों और ग्रामीण क्षेत्रों की आवाज़ को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मजबूती से उठाने का यह प्रयास सराहनीय है और इससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक बात पहुंचेगी।

**कांग्रेस ब्लॉक संगठन मंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने कहा** कि निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतंत्र की रीढ़ है। भीलवाड़ा फोकस लाइव राजनीतिक, सामाजिक और जनसरोकारों से जुड़े विषयों पर संतुलित और सार्थक संवाद का मंच बनेगा। **प्रेस ट्रस्ट संरक्षक एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष भंवर धाकड़ ने कहा कि** भीलवाड़ा फोकस ने हमेशा पत्रकारिता के मूल्यों को कायम रखा है। यह न्यूज़ पॉडकास्ट युवा पत्रकारों के लिए भी सीख और प्रेरणा का स्रोत बनेगा। **प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय ने कहा कि** भीलवाड़ा फोकस लाइव का उद्देश्य केवल खबर देना नहीं, बल्कि खबर के पीछे की सच्चाई, उसके सामाजिक प्रभाव और समाधान पर संवाद स्थापित करना है। **प्रधान संपादक, भीलवाड़ा फोकस कपिल विजयवर्गीय ने** कहा कि यह न्यूज़ पॉडकास्ट आमजन की आवाज़ को प्राथमिकता देगा और निष्पक्ष, निर्भीक व विश्वसनीय पत्रकारिता के सिद्धांतों पर काम करेगा।


C M Y K


वरिष्ठ संवाददाता प्रेस ट्रस्ट सरक्षक भंवर धाकड़ और अध्यक्ष श्याम विजय


पूर्व जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी


बिजोलिया तहसीलदार ललित डीडवानिया ,
थानाधिकारी स्वागत पांड्या एवं वरिष्ठ संवाददाताओ की मौजूदगी


कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की उपस्थिति


तहसील विभाग से पंहुचे राजस्व अधिकारी


बार एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश चंद्र धाकड़ की उपस्थिति


भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा एवं पूर्व अध्यक्ष मनोज गोधा के साथ कार्यकर्ताओ की मौजूदगी


अधिवक्ता गणों की कार्यक्रम में उपस्थिती


कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल , समाज सेवी शिव चन्द्रवाल , प्रेस ट्रस्ट संरक्षक घनश्याम सोनी , न्यायिक विभाग से गोपेश शर्मा, खनिज व्यवसायी एके सिंह
















संजय धाकड़ भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष


श्याम विजय , प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष बिजोलिया


हितेन्द्र राजोरा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य


राजेंद्र बंजारा , भाजपा मंडल अध्यक्ष


भंवर धाकड़ , प्रेस ट्रस्ट संरक्षक/ प्रेस क्लब अध्यक्ष बिजोलिया
















भीलवाड़ा फ़ोकस लाइव प्रोडकास्ट के कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता , भीलवाड़ा फ़ोकस और प्रेस ट्रस्ट के पदाधिकारी





# बिजौलिया में गुर्जर समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन, 21 जोड़े बने हमसफ़र

## पूर्व राज्यमंत्री धीरज गुर्जर बोले सामूहिक विवाह से होता है समाज का सर्वांगीण विकास

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**रमेश गुर्जर** किसान आंदोलन के प्रणेता स्व. विजय सिंह पथिक की कर्मभूमि कस्बा स्थित देव डूंगरी देवनारायण मंदिर परिसर में गुर्जर समाज का वार्षिक बंधेज पूर्णाहुति एवं पांचवां निःशुल्क गुर्जर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन श्रद्धा, परंपरा और सामाजिक एकजुटता के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर 21 जोड़ों ने भगवान देवनारायण को साक्षी मानकर वैवाहिक बंधन में बंधते हुए दांपत्य जीवन की नई शुरुआत की। आयोजन में हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय दिखाई दिया।






कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री धीरज गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज के आर्थिक, सामाजिक और नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम है। बिजौलिया के इस आयोजन से प्रेरणा लेकर राजस्थान भर में सामूहिक विवाह की परंपरा निरंतर चलनी चाहिए। उन्होंने गुर्जर समाज को देशभक्त और राष्ट्रभक्त बताते हुए कहा कि समाज ने देश के लिए अनगिनत बलिदान दिए हैं। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि बिजौलिया मेवाड़ की ऐतिहासिक रियासत रही है और मां पन्नाधाय गुर्जर के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। धीरज गुर्जर ने बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बेटी के शिक्षित होने से दो परिवारों में जागरूकता आती है।

मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना ने कहा कि वे मांडल स्थित देवनारायण मंदिर को खुलवाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं और मंदिर के खुलने के बाद ही वे साफा पहनेंगे तथा बाल-दाढ़ी बनवाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय भीलवाड़ा में गुर्जर छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही समाज को विजय सिंह पथिक के जीवन-दर्शन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कोटा के पूर्व विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल ने समाज से हर क्षेत्र में संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा के बिना समाज का सर्वांगीण विकास अधूरा है, इसलिए इस दिशा में ठोस प्रयास आवश्यक हैं। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विजय सिंह बैसला ने तहसील स्तर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे समाज आर्थिक रूप से सुदृढ़ होगा। उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर ने युवाओं से शिक्षा के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने की अपील की।

गुर्जर समाज मांडलगढ़ के अध्यक्ष सत्यनारायण गुर्जर ने फिजूलखर्ची से बचते हुए शिक्षा पर अधिक निवेश करने का संदेश दिया और बताया कि शीघ्र ही मांडलगढ़ में गुर्जर छात्रावास के निर्माण कार्य की शुरुआत की जाएगी। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई ने समाजजनों से बालक-बालिकाओं की शिक्षा और अच्छे स्वास्थ्य के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

सम्मेलन के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले गुर्जर समाज के भामाशाहों एवं सहयोगकर्ताओं नेवालाल गुर्जर, सोजीलाल गुर्जर, रंगलाल गुर्जर, रमेश गुर्जर, चौवन गुर्जर, मुकेश गुर्जर, संजय गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर, नंदा गुर्जर, भूपेंद्र सिंह धाभाई, जुगराज गुर्जर, ओम गुर्जर, नवरतन गुर्जर, छीतर गुर्जर, सुरेश गुर्जर, किशन गुर्जर, सांवरा गुर्जर, बबलू गुर्जर, प्रकाश गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, शंकर गुर्जर, देबीलाल गुर्जर, महेंद्र गुर्जर, रामफूल गुर्जर, राजू गुर्जर, शंभूलाल गुर्जर, गोविंद गुर्जर, रामलाल गुर्जर, मनीष गुर्जर, दुर्गालाल गुर्जर, सोनू गुर्जर सहित सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

ऊपरमाल बरड़-खैराड़ क्षेत्र गुर्जर महासभा के अध्यक्ष एवं सरपंच नेवालाल गुर्जर ने आयोजन में योगदान देने वाले सभी भामाशाहों एवं समस्त समाजबंधुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

# विद्यारंभ संस्कार : बसंत पंचमी पर आदर्श विद्या निकेतन में धार्मिक विधि से हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद

बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को बीगोद स्थित आदर्श विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। गुरुकुल पद्धति से यज्ञ-हवन कर भैया-बहनों का पाटी पूजन, ओम लेखन एवं शहद सेवन कराया गया। कार्यक्रम में परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री गुलाब दास जी महाराज का पावन सानिध्य व आशीर्वाद प्राप्त हुआ। विद्यारंभ संस्कार में 14 भैया-बहनों सहित कुल 31 भैया-बहन उपस्थित रहे।




इसी अवसर पर विद्यालय में दो नवीन कक्षा-कक्षों का शिलान्यास (नींव पूजन) मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल एवं विधानसभा संयोजक अनिल पारीक के सानिध्य में संपन्न हुआ। विधायक खंडेलवाल ने इसे शिक्षा के मंदिर का नवनिर्माण बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित बताया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भोपाल सिंह बापना, सचिव गोविंद कुमार पारीक, उपाध्यक्ष श्यामलाल खटीक, समिति सदस्य जसराज मेवाड़ा, बाबूलाल बैरवा, प्रभुलाल जाट, भेरुलाल तेली, रूपचंद्र सेन, माधव कीर, विद्यालय के प्रधानाचार्य पूरणमल बैरवा, वरिष्ठ आचार्य व प्रचार प्रमुख अशोक कुमार पाराशर सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।कार्यक्रम के अंत में सचिव गोविंद कुमार पारीक ने सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया।

# 27 लाख से अधिक का 54 किलो अवैध गांजा जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भीलवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना कारोई क्षेत्र में 27 लाख 8 हजार 500 रुपये कीमत का 54 किलो 170 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया है। इस दौरान गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक मारुति वैन को भी जब्त करते हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार, पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब एवं अवैध हथियारों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज खटीक के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी गंगापुर सुदर्शन पालीवाल के सुपरविजन में प्रोबेशनर आईपीएस आयुष श्रोत्रिय के नेतृत्व में पुलिस थाना कारोई व जिला विशेष टीम की संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस ने 22 जनवरी को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर एनएच-758 मुजरास टोल प्लाजा पर नाकाबंदी



प्रतीकात्मक इमेज

कर मारुति वैन को रुकवाया गया। वाहन की तलाशी लेने पर चालक असलम मोहम्मद के कब्जे से वैन में रखे 10 कट्टों से कुल 54.170 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 27 लाख 8 हजार 500 रुपये बताई गई है। साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त मारुति वैन कार, जिसकी कीमत करीब 3 लाख रुपये है, को भी जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस थाना कारोई पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी असलम मोहम्मद पिता मुनीर मोहम्मद, जाति पिनारा, उम्र 25 वर्ष, निवासी हलेड़ थाना सदर भीलवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ कर गांजा तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क के संबंध में जांच की जा रही है।

## स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में जागरूकता का भव्य आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में बसंत पंचमी, राष्ट्रीय मतदाता दिवस व सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य डॉ. विकास टेलर ने की। विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत वोट का प्रतीक तैयार किया और विद्यालय से दाडावत पंचायत तक रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन, मतदान के महत्व और बसंत पंचमी के सांस्कृतिक पक्ष पर



जानकारी दी। साथ ही मेगा पीटीएम में अभिभावकों से विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा की गई। बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय प्रशासन ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।

# कारोई पुलिस ने 54 किलो अवैध गांजा किया जब्त, एक गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भीलवाड़ा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना कारोई क्षेत्र में 54 किलो 170 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 27 लाख 08 हजार 500 रुपये है। साथ ही एक मारुति वेन कार जब्त कर चालक असलम मोहम्मद पिनारा को गिरफ्तार किया गया।

यह कार्रवाई धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा के मार्गदर्शन तथा वृत्ताधिकारी गंगापुर के सुपरविजन में की गई। एनएच-758 मुजरास टोल प्लाजा पर रोकी गई मारुति वेन की तलाशी में 10 कट्टों में भरा गांजा मिला। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

QUICK BITES

## बसंत पंचमी पर बिजोलिया कृषि उपज मंडी में नई सरसों की आवक शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**नरेश धाकड़** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बिजोलिया कृषि उपज मंडी में नई सरसों की आवक शुरू हो गई। मंडी में नई सरसों का अधिकतम भाव 5931 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जिससे किसानों में उत्साह देखने को मिला।

वहीं मंडी में मक्का की आवक भी लगातार बनी हुई है। प्रतिदिन 600 से 700 बोरियों की आवक हो रही है। आज मक्का का भाव 1750 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

## विद्यालय विकास में भामाशाहों का योगदान, किया गया सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**नरेश धाकड़** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर ब्लॉक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उमजीकाखेड़ा में विद्यालय विकास में सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ द्वारा भामाशाहों को सम्मानित किया गया और उनके योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर भामाशाह विष्णु पिता सुगनलाल धाकड़ द्वारा विद्यालय परिसर में सरस्वती मंदिर का निर्माण करवाने पर उनका सम्मान किया गया, वहीं भामाशाह मुकेश पिता प्यारचंद धाकड़ द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार निर्माण में दिए गए सहयोग के लिए उन्हें भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में संजय धाकड़, मांगीलाल कराड़, मुकेश धाकड़, हीरालाल जी धाकड़ एवं शिवलाल धाकड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मन्नत पूरी होने पर देवनारायण के दरबार में लोटन यात्रा कर पहुंचा श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** मन्नत पूरी होने पर एक युवक लोटन यात्रा कर देवनारायण के दरबार पहुंचा । बड़लियास निवासी शंकर लाल पिता सोहन रेगर ने भवानीपुरा देव तलाई देवनारायण मंदिर पर मन्नत पूर्ण होने की अर्जी लगाई थी और लोटन यात्रा की मन्नत मांगी थी, मन्नत पूरी होने पर शुक्रवार को बड़लियास रामदेव जी मंदिर से लोटन यात्रा शुरू की, लोटन यात्रा करीब पांच किलोमीटर की यात्रा करते हुए देव तलाई देवनारायण मंदिर पर पहुंची । शुक्रवार को परिवार जनों सहित रिश्तेदारों एवं ग्रामवासियों के साथ शंकरलाल ने गाजे-बाजे डीजे के साथ लोटन यात्रा की । इस दौरान देवनारायण भगवान के जयकारों का जयघोष करते हुए महिला पुरुष चले ।।

## श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ के सानिध्य में विशाल जल कलश यात्रा संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**रमेश गुर्जर** श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ के पावन सानिध्य में श्री श्री 1008 श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, जलीन्द्री में विशाल जल कलश यात्रा एवं श्री चारभुजा नाथ बेवान का भव्य आगमन हुआ।

जल कलश यात्रा एवं श्री चारभुजा नाथ का बेवान श्री शिव मंदिर लक्ष्मीपुरा से प्रारंभ होकर श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर जलीन्द्री तक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ निकाला गया। यात्रा में जलीन्द्री ग्राम के बेवान के साथ-साथ खिणिया, अमरपुरा, रामपुरिया एवं लक्ष्मीपुरा से भी बेवानों का आगमन हुआ।

महायज्ञ का आयोजन श्री श्री 1008 श्री बानोडा बालाजी के सानिध्य में किया जा रहा है। जल कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बन गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।